फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्रीमती दाकी पत्नि श्री लाडूराम मोगिया, वर्तमान पता– 50 शिवनगर पानेरियों की मादड़ी, टेंकरी लिंक रोड़, उदयपुर जिला उदयपुर

– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी कुंभलगढ़ **– प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा – अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 110/2024**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 30.12.2024 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी कुंभलगढ़ से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी कुंभलगढ से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी कुंभलगढ से जरिये पत्र क्रमांक/सूकाअधि.05/2024/1916 दिनांक 19.12.2024 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 19(1) के अंतर्गत एक अपील प्रस्तुत कर अंकित किया है कि अपीलार्थी द्वारा सूचना प्राप्त करने हेतु धारा 6(1) के अंतर्गत प्रस्तुत आवेदन पर प्रत्यर्थी द्वारा तहसीलदार कुंभलगढ़ को लिखा गया जिस पर तहसीलदार कुंभलगढ़ के पत्रांक/सू.अ./2024/409 दिनांक 18.12.2024 से अवगत कराया कि प्रार्थी को उक्त सूचना उपलब्ध करा दी गयी है। अतः अपीलार्थी को वांछित सूचना उक्त अधिनियम के प्रावधानो के अंतर्गत भिजवा दी गयी है। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी कुंभलगढ की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी कुंभलगढ की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध करा दी जाने से उक्त प्रकरण खारिज किया जाता है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी कुंभलगढ़ को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** लोक सूचना अपीलीय अधिकारी (जिला कलक्टर) राजसमंद	

न्यायालय जिला कलक्टर